अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

307/2019 अपीलार्थी हरजी बनाम तेजपाल वगैरह

2019/00309

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर 307/2019 श्री किशोर गौड़, एड० अपीलार्थी श्री अजीतसिंह राठौड़ । रेस्प० हरजी राम बनाम तेजपाल वगैरह	नम्बर व तारीख अहकाम जोइस हुक्म की तामील जारी हुए
07.8.20	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक उभयपक्ष उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र वास्ते निरस्त फरमाने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 17,21, 33 सपठित धारा 107,151 जा.दी. पेश किया, प्रति अभिभाषक रेस्पोडेन्टस को दी गयी। सर्व प्रथम अपील में विचाराधीन प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 3 सपठित धारा 141, 151 जा.दी. व धारा 5 परिसीमा अधिनियम पर अभिभाषक उभयपक्ष की बहस सुनी गई। अभिभाषक उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। बाद मनन हम प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 22 नियम 3 सपठित धारा 141, 151जा.दी. में हुए विलम्ब को क्षमा करते हुए, प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 22 नियम 3 सपठित धारा 141, 151जा.दी. को स्वीकार किया जाता है तथा अपीलांट हरजी राम पुत्र पॉचूराम के वारिसान क्रमशः श्रीमती भूरि देवी पत्नि स्व. हरजीराम, श्रीमती मथूरा देवी पुत्री स्व.हरजीराम, करतार, राजेन्द्र पुत्रान स्व. हरजीराम को रिकार्ड पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। तत्पश्चात प्रार्थना पत्र वास्ते निरस्त फरमाने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 17,21, 33 सपठित धारा 107,151 जा.दी. पर अभिभाषक उभयपक्ष की बहस सुनी गयी। अभिभाषक उभयपक्ष पारिवारिक समझौते के अुनसार न्यायालय हाजा द्वारा अपील संख्या 74/2018 में पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 12.07.2019 व संशोधित आदेश दिनांक 29.07.2019 से उभय पक्षकारान सहमत है एवं भविष्य में भी उक्त निर्णय व डिक्री की यथावत पालना करने पर सहमत हुए और प्रार्थीगण प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 17, 21 ,33 सपठित धारा 107, 151 जा.दी. को निरस्त करवाना चाहते है इस पर अप्रार्थीगण को कोई आपत्ति नहीं है। प्रार्थीगण प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 17, 21 ,33 सपठित धारा 107, 151 जा.दी. को निरस्त करवाना चाहते है इसलिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का निरस्त किया जाना उचित समझते है। **अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 17, 21 ,33 सपठित धारा 107, 151 जा.दी. को निरस्त किया जाता है। प्रार्थना पत्र फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।** (हस्ताक्षर) 7/8/2020	